बिना कनेक्शन भेजा गया हजारों का बिल

मामला शासकीय प्राथमिक शाला नौगवां दर्शन सिंह का , 6 माह से विद्युत बिल जमा करने भेजा जा रहा मैसेज

नवभारत न्यूज

सीधी,1 अगस्त। बिना कनेक्शन के हजारों का बिजली बिल भेजा गया है। यह मामला शासकीय प्राथमिक शाला नौगवां दर्शन सिंह का सामने आया है।6 माह से विद्युत बिल जमा करने मैसेज भेजा जा रहा है।

दरअसल अपनी विवादित कार्यशैलियों को लेकर विद्युत विभाग हमेंशा से सुर्खियों में रहता है।

निजी कनेक्शनों के भारी-भरकम विद्युत बिल एवं अन्य समस्याओं पर विभागीय अधिकारी उपभोक्ता को ही दोषी करार देते हैं। लेकिन सरकारी विभाग भी विद्युत विभाग की मनमानियों एवं लापरवाही का शिकार बने हुए हैं। ऐसा ही मामला जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय नौगवां दर्शन सिंह का सामने आया है। विद्यालय में विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन एवं आवश्यक राशि वर्ष 2026 के प्रारंभ में ही ग्रामीण विद्युत मंडल सीधी कार्यालय में जमा कराया गया था। विभाग द्वारा सरकारी विद्यालय में विद्युत कनेक्शन होने के कारण आवश्यक कार्रवाई कागजों में पूर्ण करने के पश्चात कागजों में ही विद्युत कनेक्शन कर दिया गया है। करीब 6 माह से विद्यालय के विद्युत कनेक्शन के लिए आईव्हीआरएस 1355025409 के बिजली बिल भुगतान के लिए प्रधानाध्यापिका के मोबाइल में मैसेज आ रहा है। चूंकि विद्यालय में कोई विद्युत कनेक्शन ही नहीं हुआ है इस वजह से बिल का भुगतान भी नहीं हो रहा है जो लगातार बढ़ाकर भेजा जा रहा है। अभी जुलाई 2026 माह के लिए बिजली का बिल 12499 रुपए का भेजा गया है। बिल जमा करने की अंतिम तिथि 20 जुलाई 2026 थी। निजी घरों का बिजली बिल बकाया होता तो विद्युत कर्मचारी तत्परतापूर्वक कनेक्शन काटने के लिए भी पहुंच जाते। शासकीय विद्यालय का बिजली बिल है और मौके पर कोई कनेक्शन ही नहीं है इस वजह से वसूली के लिए भी कोई नहीं जाता। आश्चर्य की बात तो यह है कि विद्यालय भवन के बाउंड्रीवाल के किनारे ही करीब 5 फिट की दूरी में बिजली का पोल भी स्थित है। फिर भी बिजली का कनेक्शन मौके पर न करना ग्रामीण विद्युत मंडल की बड़ी लापरवाही है।

पानी पीने के लिए पहाड़ी से नीचे आते हैं नौनिहाल

शासकीय प्राथमिक विद्यालय नौगवां दर्शन सिंह के बाउंड्रीवाल के अंदर हैंडपंप लगा है। किंतु यह हैंडपंप महीनों से बिगड़ा पड़ा है। हैंडपंप सुधार के लिए न तो पंचायत की ओर से कोई प्रयास किए जा रहे हैं और न ही पीएचई विभाग का कोई अमला सुधार के लिए आ रहा है। ऐसे में पानी पीने के लिए ऊंची पहाड़ी पर स्थित विद्यालय भवन से नीचे आकर नौनिहाल छात्र-छात्राएं पानी पीते हैं। तत्संबंध में स्थानीय अभिभावकों ने बताया कि विद्यालय परिसर के अंदर लगे हैंडपंप में छात्रों को व्यवस्थित पेय जल उपलब्ध कराने के लिए मोटर पंप भी लगा है। किंतु विद्यालय भवन में बिजली का कनेक्शन ही न होने के कारण मोटर पंप का उपयोग भी नहीं हो रहा है। चर्चा के दौरान कुछ अभिभावकों का कहना था कि विद्यालय में जुलाई माह तक केवल प्रधानाध्यापिका ही पदस्थ थीं। ऐसे में दिन में उनका पूरा समय विद्यालय संचालन में ही गुजरता था इस वजह से बिजली कनेक्शन के लिए कुछ अभिभावकों द्वारा ही ग्रामीण विद्युत मंडल सीधी कार्यालय जाकर कई बार फरियाद की गई फिर भी वहां से आश्वासन के सिवाय अभी तक कोई पहल नहीं की गई। इस वजह से केवल कागजों में ही बिजली कनेक्शन कर देने से विद्युत बिल जमा करने का मैसेज भेजा रहा रहा है।

इनका कहना है

शासकीय प्राथमिक विद्यालय नौगवां दर्शन सिंह में विद्युत कनेक्शन न होने के बाद भी लगातार बिजली बिल भेजे जाने की शिकायत अभी संज्ञान में आई है। तत्संबंध में आवश्यक कागजात देखने पर ही इस संबंध में जानकारी दी जा सकती है। फिर भी वह अपनी ओर से यह प्रयास करेंगे कि जल्द विद्युत कनेक्शन हो जाए।

अजीत सिंह बघेल
ईई विद्युत मंडल सीधी

गोपद बनास तहसील के दो दर्जन पटवारियों को नोटिस

मामला फॉर्मर आईडी में प्रगति न्यून होने का

नवभारत न्यूज

सीधी, 01 अगस्त। कमिश्नर रीवा संभाग एवं कलेक्टर सीधी के आदेश के बावजूद फार्मर आईडी बनाने के काम में बड़ी लापरवाही सामने आई है। किसानों की फार्मर आईडी बनाने में प्रगति काफी कमजोर होने के कारण गोपद बनास तहसीलदार द्वारा दो दर्जन हल्का पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस के प्रगति के साथ जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

समयावधि में जवाब प्राप्त न होने एवं संतोषजनक जवाब न होने पर एक पक्षीय कार्यवाई की जावेगी। तहसीलदार द्वारा यह नोटिस मनोजधर द्विवेदी पटवारी हल्का कोठार प्रगति 17.25 प्रतिशत, विकास कुमार पाण्डेय पटवारी हल्का सीधी गिर्द प्रगति 0.84 प्रतिशत, जनार्दन मिश्रा हल्का सीधी खुर्द प्रगति 1.32 प्रतिशत, दीपक कुमार शुक्ला पटवारी हल्का डैनिहा प्रगति 2.25 प्रतिशत, अतुल कुमार शर्मा पटवारी हल्का जमोड़ी खुर्द प्रगति 5.16 प्रतिशत, आशीष मिश्रा पटवारी हल्का करौंदिया, गाड़ा बबन सिंह प्रगति 6.45 प्रतिशत, रविशंकर शुक्ला पटवारी हल्का जमोड़ी सेंगरान प्रगति 9.12 प्रतिशत, पवन कुमार पटेल पटवारी हल्का पनवार बघेलान प्रगति 12.95 प्रतिशत, श्रीमती प्रवीणा शुक्ला पटवारी हल्का जमोड़ी कला प्रगति 13.20 प्रतिशत, श्रवण कुमार मिश्रा पटवारी हल्का विजयपुर प्रगति 14.66 प्रतिशत, आशीष कुमार तिवारी पटवारी हल्का खैरही प्रगति 14.79 प्रतिशत, मुकेश त्रिपाठी पटवारी हल्का पडैरिया खुर्द प्रगति 15.01 प्रतिशत, शतमन्यु विश्वकर्मा पटवारी हल्का पिपरोहर, नौढ़िया प्रगति 16.44 प्रतिशत, राजीव तिवारी पटवारी हल्का पड़रा प्रगति 17.08 प्रतिशत, रमेश प्रताप वर्मा पटवारी हल्का डेम्हा प्रगति 17.17 प्रतिशत, तुलाप्रसाद पाण्डेय पटवारी हल्का नौगवां दर्शन सिंह प्रगति 18.93 प्रतिशत, श्रीमती सीमा प्रजापति पटवारी हल्का बघवारी प्रगति 19.26 प्रतिशत, अंबुज कुमार शुक्ला पटवारी हल्का जोगीपुर दक्षिण प्रगति 19.55 प्रतिशत, अजय तिवारी पटवारी हल्का बटौली प्रगति 20.30 प्रतिशत, जवाहरलाल गुप्ता पटवारी हल्का रामपुर, पटेहरा खुर्द, गाड़ा लोलर सिंह प्रगति 21.02 प्रतिशत, राधेश कुशवाहा पटवारी हल्का कुकड़ीझर प्रगति 21.61 प्रतिशत, निलोत्पल शर्मा पटवारी हल्का कुर्रवाह प्रगति 21.88 प्रतिशत, रविनंदन सिंह पटवारी हल्का पनवार चौहानन टोला, प्रगति 22.13 प्रतिशत, श्रीमती विमला विश्वकर्मा पटवारी हल्का बैरिहा प्रगति 22.96 प्रतिशत शामिल हैं।

मझौली में मनाई गई मुंशी प्रेमचंद की जयंती

प्रेमचंद ने साहित्यकारों को दिशा और दृष्टि दी

नवभारत न्यूज

सीधी 01 अगस्त। अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ के संस्थापक मुंशी प्रेमचंद की जयंती मझौली में परिचर्चा तथा कवि सम्मेलन के रूप में मनाई गई। आयोजन प्रलेस इकाई मझौली ने किया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद् रामकुमार सिंह ने की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रलेस सीधी के संरक्षक राजेंद्र भदौरिया रहे। अतिथियों द्वारा मुंशी प्रेमचंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में रावेन्द्र शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम दो सत्र में था। प्रथम सत्र परिचर्चा की अध्यक्षता प्रो. अनिल कुमार सिंह सत्यप्रिय तथा दूसरे सत्र कवि सम्मेलन की अध्यक्षता रामकुमार सिंह मास्टर साहब ने की। प्रथम सत्र में निर्धारित विषय वर्तमान साहित्य और समाज परिचर्चा की अध्यक्षता कर रहे प्रो. अनिल कुमार सिंह सत्यप्रिय, वरिष्ठ लेखक सोमेश्वर सिंह, प्रो. श्रीमती नीता सिंह तथा डॉ. संतोष तिवारी ने सारगर्भित विचार व्यक्त किया। कमोवेश सभी वक्ताओं का विचार था कि मुंशी प्रेमचंद का संपूर्ण साहित्य प्रतिरोध का साहित्य है, उन्होंने लेखकों, कवियों, साहित्यकारों को दिशा और दृष्टि दी। लोकतंत्र, समानता, स्वतंत्रता के लिए लेखकों को प्रेरित किया। भारत के स्वाधीनता आंदोलन में साहित्यकारों की भागीदारी के लिए उन्हें संगठित किया और 1936 में प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना की। यदि 20वीं शदी के भारतीय समाज की जटिलताओं, महाजनी सभ्यता, पूंजीवाद का संक्रमण, सामंती शोषण, अंधविश्वास को जानना समझना है तो प्रेमचंद का साहित्य पढ़े। समता मूलक समाज की स्थापना में प्रेमचंद का अतुलनीय योगदान है। उन्होंने मनुष्यता को बचाए रखने के लिए अवैज्ञानिकता तथा धर्मांधता का खुलकर विरोध किया। महाजनी सभ्यता में टूटते किसान की पीड़ा को उन्होंने अपने विश्व प्रसिद्ध उपन्यास गोदान में जीवंत कर दिया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में कवि सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें बघेली के शीर्ष कवि शिव शंकर मिश्र सरस, धीरेंद्र त्रिपाठी, सुखई प्रसाद अटल, दुर्योधन गुप्ता रंजन सहित विंध्य के कबीर राम निहोर तिवारी, वरिष्ठ कवि संतोष द्विवेदी, प्रो. अनिल सिंह, शिवपाल तिवारी, अशोक तिवारी अकेला, रावेद्र शुक्ला, श्रीमती अर्चना वर्मा, शंभू सोनी पागल, सोमेश्वर सिंह ने काव्य पाठ किया। संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र सिंह गौतम ने किया।

सेवानिवृत होने पर रामायण प्रसाद मिश्र को दी गई भावपूर्ण विदाई

नवभारत न्यूज

सीधी 01 अगस्त। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मडवा में शिक्षक के पद पर पदस्थ रामायण प्रसाद मिश्रा अपनी अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण कर दिनांक 31 जुलाई 2026 को सेवानिवृत हुए उनकी सेवानिवृत होने पर विद्यालय परिवार द्वारा गरिमा पूर्ण विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

बता दें की रामायण प्रसाद मिश्रा ईमानदार, कार्य कुशल, स्वच्छ छवि, उत्कृष्ट कार्य, सरल स्वभाव, निष्ठावान एवं समय के पाबंद शिक्षक के रूप में शिक्षक समाज के लिए आदर्श व्यक्तित्व स्थापित थे। 40 वर्ष की सेवा पूर्ण कर निर्दाग सेवानिवृत्ति होना शिक्षक समाज के लिए गर्व की बात है, उनके निष्ठा पूर्ण कार्य के लिए कई बार वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। उपस्थित अतिथियों के द्वारा उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया, इस मौके पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय द्वारा उनके कार्यों का बखान करते हुए उनके व्यक्तित्व और उनके किए गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि ऐसे शिक्षक बहुत कम मिलते हैं। हम सभी को उनके कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके द्वारा किए गए कार्यों का अनुकरण कर आगे हम लोग भी कार्य करें वही सच्चा उनका सम्मान होगा।

विदाई सम्मान समारोह में प्रमुख रूप रामकृष्ण तिवारी पूर्व संभागीय अध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक संघ, रामजी शुक्ला जिला सचिव, सुरेंद्र तिवारी जिला कोषाध्यक्ष, महेंद्र शुक्ला, राजबहोर पाठक, अमरनाथ चतुर्वेदी, संस्था के प्राचार्य अंबिका प्रसाद पनिका, प्राचार्य जमुनिहा अरविंद सिंह गहरवार, सेवानिवृत्ति प्राचार्य जगबंदन सिंह, धर्मराज सिंह, अनिल तिवारी, बोधनारायण सिंह, ज्ञानेंद्र शर्मा, आरबी सिंह, रामनाथ रावत, कुंजल साकेत, गेंदमनी पटेल, सुभाष चंद्र गुप्ता, बृजनंदन प्रजापति, रत्नाकर पाण्डेय, अंकित पटेल, नवीन सिंह, धीरज सिंह, केके सिंह, प्रज्ञानसी द्विवेदी, बृज बिहारी द्विवेदी, शारदा प्रसाद तिवारी, अमर बहादुर सिंह, अध्याचरण द्विवेदी, बृजेंद्र कुमार शुक्ला, मोतीलाल शर्मा, भोला प्रसाद गौतम, सत्येंद्र गौतम, राकेश वर्मा, शिक्षिका श्रीमती दीपिका शर्मा के द्वारा सम्मान किया गया तथा काफी संख्या मे अभिभावक, गणमान्य नागरिक, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

डॉ. हिमेश पाठक को प्रथम श्रेणी में मिली पदोन्नति

नवभारत न्यूज

सीधी 01 अगस्त। मध्य प्रदेश लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग (राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम 2022 में चिकित्सा अधिकारी (द्वितीय श्रेंणी) से विशेषज्ञ (प्रथम श्रेंणी) के पदों पर प्रदेश के 18 डॉक्टरों को पदोन्नति दी गई है।

राज्य शासन द्वारा चिकित्सा अधिकारी से नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ (प्रथम श्रेंणी) के पद पर चयनित समिति की बैठक दिनांक 16 जुलाई 2026 में पात्र पाए गए 18 चिकित्सा अधिकारियों को नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ प्रथम श्रेंणी में पदोन्नति दी गई है। इसमें जिला अस्पताल सीधी में पदस्थ डॉक्टर हिमेश पाठक को प्रथम श्रेंणी में पदोन्नति मिली है। डॉ. हिमेश पाठक को प्रथम श्रेंणी में पदोन्नति की खबर मिलते ही बधाई देने वालों का तांता लग गया है। डॉ. हिमेंश पाठक नाक, कान, गला रोग के काफी अच्छे चिकित्सक माने जाते हैं। इस वजह से संबंधित मरीजों द्वारा उनसे प्रामिकता से उपचार कराया जाता है।

कांग्रेस का सबसे बड़ा आधार समर्पित कार्यकर्ता हैं : रणविजय

कांग्रेस संगठन सृजन अभियान की समीक्षा बैठक में विचारमंथन

नवभारत न्यूज

सीधी 01 अगस्त। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी रणविजय सिंह के मुख्य आतिथ्य, जिला कांग्रेस के प्रभारी दिलीप मिश्रा की विशेष उपस्थिति तथा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह की अध्यक्षता और विधानसभा प्रभारी चुरहट शिवप्रसाद प्रधान एवं धौहनी विधानसभा प्रभारी अशोक पैगाम की उपस्थित में शनिवार को जवाहर कांग्रेस भवन सीधी में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में धौहनी, सिहावल, चुरहट एवं सीधी विधानसभा क्षेत्रों के संगठनात्मक कार्यों की अलग-अलग समीक्षा की गई। पिछले सात माह में बूथ, मंडल एवं ब्लॉक स्तर पर किए गए संगठनात्मक कार्यों, सदस्यता अभियान, जनसंपर्क, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। सभी विधानसभा प्रभारियों एवं ब्लॉक अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि रणविजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस का सबसे बड़ा आधार उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। संगठन की वास्तविक ताकत बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं से ही बनती है। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बूथ तक कांग्रेस की सक्रिय और मजबूत इकाई तैयार करना है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से जनता के बीच लगातार रहने, उनकी समस्याओं को उठाने तथा संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय की चुनौतियों का सामना मजबूत संगठन और अनुशासित कार्यकर्ताओं के बल पर ही किया जा सकता है। जिला प्रभारी दिलीप मिश्रा ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी पूंजी है। प्रत्येक पदाधिकारी को अपने दायित्व का पूरी निष्ठा से निर्वहन करना होगा। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी और प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सभी विधानसभा प्रभारियों से बूथ स्तर तक समन्वय बढ़ाने और संगठन को और प्रभावी बनाने का आग्रह किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि सीधी जिले में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत लगातार संगठन विस्तार एवं जनसंपर्क के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले का प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जिले में कांग्रेस का संगठन बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाया जाएगा तथा जनता के मुद्दों को पूरी मजबूती से उठाया जाता रहेगा। बैठक में विधानसभा प्रभारी, ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष एवं संगठन से जुड़े कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

परीक्षा केंद्र दूर होने से विद्यार्थियों की बढ़ी परेशानी : अभिषेक

नवभारत न्यूज

सीधी 01 अगस्त। शासकीय महाविद्यालय मझौली के छात्र-छात्राओं को क्षेत्र में परीक्षा केंद्र नहीं होने के कारण कई किलोमीटर दूर जाकर परीक्षा देनी पड़ रही है। इससे विद्यार्थियों को आर्थिक, मानसिक और शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों और विशेषकर छात्राओं के लिए यह समस्या अधिक गंभीर बनी हुई है। विद्यार्थियों का कहना है कि परीक्षा केंद्र दूर होने और परीक्षा का समय सुबह होने के कारण उन्हें काफी पहले घर से निकलना पड़ता है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर परिवहन के साधन उपलब्ध नहीं होने से परीक्षा केंद्र तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। लंबी दूरी और सुबह अंधेरे में यात्रा करने के कारण छात्राएं स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। इससे अभिभावकों में भी उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। इस समस्या पर अभिषेक मिश्रा ने

चिंता जताते हुए कहा कि विद्यार्थियों को केवल परीक्षा केंद्र दूर होने के कारण इतनी कठिनाइयों का सामना करना पड़े, यह गंभीर विषय है। उन्होंने जिला प्रशासन एवं संबंधित उच्च शिक्षा अधिकारियों से मांग की है कि मझौली क्षेत्र में ही परीक्षा केंद्र स्थापित किया जाए, जिससे विद्यार्थियों को अनावश्यक लंबी दूरी तय न करनी पड़े। अभिषेक मिश्रा ने कहा कि यदि वर्तमान परीक्षाओं के दौरान तत्काल स्थानीय परीक्षा केंद्र बनाना संभव नहीं है, तो कम से कम परीक्षा के समय में परिवर्तन किया जाए, ताकि दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं एवं अन्य विद्यार्थियों को अंधेरे में घर से निकलने की मजबूरी न हो और वे सुरक्षित तरीके से समय पर परीक्षा केंद्र पहुंच सकें। विद्यार्थियों का कहना है कि मझौली क्षेत्र में परीक्षा केंद्र बनने से समय, धन और श्रम तीनों की बचत होगी। साथ ही लंबी यात्रा और समय पर पहुंचने की चिंता से मुक्ति मिलने पर विद्यार्थी तनावमुक्त होकर परीक्षा दे सकेंगे। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने प्रशासन से इस समस्या पर शीघ्र निर्णय लेकर राहत प्रदान करने की मांग की है।

सिहावल विधायक के जन्मदिन पर मरीजों को फल वितरित

नवभारत न्यूज

सीधी 01 अगस्त। सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक के जन्मदिन पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमिलिया में भर्ती महिलाओं को फल और वृद्ध जनों को छाता भेंट किया गया और स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती महिलाओं एवं लोगों को बताया गया है कि सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक का जन्मदिन है।

उसी के उपलक्ष्य में फल वितरण रखा गया है, जिसमें मुख्य रूप से अमिलिया मंडल अध्यक्ष सिद्धार्थ गौतम, प्रदीप शुक्ला, घनश्याम दास गुप्ता, आशुतोष चतुर्वेदी, अजय चतुर्वेदी, पूर्व सरपंच दद्दी साहू, वर्तमान सरपंच प्रतिनिधि संजय मौर्य, यदुवेंद्र पटेल बब्बू, बद्री चतुर्वेदी, स्कूल संचालक सरस्वती शिशु मंदिर महेंद्र पाण्डेय, टीएन पाण्डेय अन्य भाजपा कार्यकर्ता कई लोग उपस्थित रहे। विधायक के जन्मदिन पर अमिलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मंडल अध्यक्ष सिद्धार्थ गौतम के द्वारा भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया।

मृतक का फर्जी हस्ताक्षर कर खेला गया नामांतरण का खेल !

तहसील चुरहट में नामांतरण में किए गए खेल की शिकायत में लगे आरोप ने खोली पोल, शिकायतकर्ता ने की दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

नवभारत न्यूज

सीधी/ चुरहट, 1अगस्त। मृतक का फर्जी हस्ताक्षर कर नामांतरण का खेल खेला गया। तहसील चुरहट में नामांतरण में किये गये खेल की शिकायत में लगे आरोप ने पोल खोली और शिकायतकर्ता ने दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

जिले के चुरहट निवासी संजय पाण्डेय ने न्यायालय तहसीलदार चुरहट में संचालित एक नामांतरण प्रकरण में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए तहसीलदार, संबंधित पटवारी, न्यायालय के प्रवाचक, कोटवार एवं नामांतरण कराने वाली महिला के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने की मांग उठाई है। इस संबंध में उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी चुरहट के समक्ष विस्तृत शिकायत प्रस्तुत की है। शिकायत के अनुसार न्यायालय तहसीलदार चुरहट के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0303/अ-6/2024-25 में दिनांक 10 जून 2025 को पारित आदेश के दौरान मृतक उमेश कुमार पटेल को जीवित दर्शाकर पूरी नामांतरण प्रक्रिया संचालित की गई। शिकायतकर्ता का कहना है कि उमेश पटेल की मृत्यु 31 मार्च 2025 को हो चुकी थी, इसके बावजूद उनके नाम से नोटिस तामील कराए गए, सहमति दर्शाई गई, कथित रूप से हस्ताक्षर किए गए तथा उन्हें जीवित मानते हुए पटवारी प्रतिवेदन एवं स्थल पंचनामा तैयार किया गया। संजय पाण्डेय का आरोप है कि संबंधित अधिकारियों को मृत्यु की जानकारी होने के बावजूद कथित रूप से षड्यंत्रपूर्वक पूरे प्रकरण का संचालन किया गया और अंततः मृतक के नाम से भूमि का नामांतरण क्रेता पक्ष के पक्ष में कर दिया गया।

उन्होंने इसे न्यायिक प्रक्रिया के साथ गंभीर छल एवं कूटरचना बताते हुए भारतीय न्याय संहिता, 2023 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता संजय पाण्डेय का कहना है कि न्यायालयीन प्रक्रिया में इस प्रकार की कथित अनियमितता न्याय व्यवस्था की गरिमा पर प्रश्नचिह्न है और इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

मृतक को कागज में कर दिया गया जिंदा

शिकायतकर्ता संजय पाण्डेय का आरोप है कि उमेश कुमार पटेल की 31 मार्च 2025 को मृत्यु हो जाने के बावजूद तहसीलदार की न्यायालय में उन्हें जीवित दर्शाते हुए नामांतरण की पूरी प्रक्रिया संचालित की गई। शिकायत के अनुसार मृतक के नाम से नोटिस जारी किए गए, कथित रूप से सहमति दर्ज कराई गई, हस्ताक्षर बनाए गए, पटवारी द्वारा प्रतिवेदन एवं स्थल पंचनामा तैयार किया गया तथा बाद में उसी आधार पर नामांतरण आदेश भी पारित कर दिया गया। शिकायतकर्ता ने इसे न्यायालयीन अभिलेखों में गंभीर कूटरचना और धोखाधड़ी का मामला बताया है।

पांच के खिलाफ एफआईआर की मांग

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि पूरे प्रकरण में तहसीलदार चुरहट, संबंधित हल्का पटवारी, न्यायालय के प्रवाचक, मृतक के नाम नोटिस तामील करने वाले कोटवार तथा नामांतरण कराने वाली क्रेता महिला उषा पटेल की मिलीभगत रही। उनका कहना है कि मृतक की मृत्यु की जानकारी होने के बावजूद कथित रूप से षड्यंत्रपूर्वक दस्तावेज तैयार किए गए और नामांतरण आदेश पारित किया गया। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता, 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत सभी संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

इनका कहना है

शिकायत प्राप्त हुई है। जांच के लिए तहसीलदार को निर्देशित किया गया है। जांच के बाद तथ्य व दस्तावेज सामने आने पर कार्यवाही की जाएगी।

अजय शर्मा
एसडीएम चुरहट